>

Title: Need to release Indian Ship captured by pirates in Somalia.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति महोदय, करीब दो माह पहले सोमालिया में अपहर्ताओं ने एक भारतीय जहाज का अपहरण कर लिया था। प्रतिष्ठित समाचार पत्र हिन्दुस्तान के मेरठ संस्करण में दिनांक 11 मई 2012 को छपे समाचार के अनुसार यह जहाज मुंबई की रॉयल लेडी कंपनी का है। इस जहाज को मिस्र से दक्षिण अफ्रीका जाना था। पहले तो मिस्र में मौसम की खराबी और सामान लोडिंग में देरी के कारण यह जहाज कई दिनों तक मिस्र में रुका रहा, फिर 2-3 मार्च को यह जहाज मिस्र से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुआ। रास्ते में इसका सोमालिया में अपहरण कर लिया गया। इस जहाज में कुल 40 लोग सवार थे। जिसमें 17 भारतीय हैं। इनमें एक मेरठ का सौरभ पुत्र रामदास भी है। अपहर्ताओं द्वारा जहाज को छोड़ने के लिए भारी फिरौती की मांग की जा रही है।

महोदय, ऐसी घटनाएं आए दिन सुनने में आती हैं1 मुझे मिली सूचनाओं के अनुसार सोमालिया में अपहरण किए हुए 17 जहाज हैं, जिनमें 350 से अधिक लोग फंसे हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार की वारदातों को रोकने के लिए सरकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक रणनीति बनाए तथा विशेष रूप से भारतीय जहाज को मुक्त किए जाने के लिए तुरन्त प्रभावी हस्तक्षेप करते हुए जहाज को अपहर्ताओं के चंगुल से छुड़ाए, ताकि सौरभ सहित सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश आ सकें।